केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

*****

कार्यालय ज्ञापन

फा.स.-सीईए-एसवाई-27-27/1/2020-राजभाषा/ 197 **दिनांक-18.09.2024**

विषय: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा 2024 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।

केविप्रा मुख्यालय में इस वर्ष दिनांक 14 सितंबर, 2024 से 29 सितंबर, 2024 तक हिंदी पखावाड़े का आयोजन किया जा रहा हिंदी पखवाड़े के दौरान सेवा भवन के द्वितीय तल के **सभागार (लेक्चर हॉल)** में सभी प्रतिभागिताओं का आयोजन निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगाः

(क) **हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता - दिनांक 19 सितंबर, 2024 पूर्वाहन 11 से 12 बजे तक।**
प्रतिभागियों को दिए गए 3-4 समसामयिक विषयों में से किसी एक विषय पर 1 घंटे की समयावधि में हिंदी में सारगर्भित निबंध लिखना होगा। निबंध का विषय प्रतियोगिता के दौरान ही बताया जाएगा।

पुरस्कारः प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(ख) **हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता - दिनांक 20 सितंबर, 2024 पूर्वाहन 11 से 12 बजे तक।**
प्रतियोगिता का प्रश्न पत्र प्रतियोगिता के दौरान ही बताया जाएगा।

पुरस्कारः प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(ग) **राजभाषा नियम/अधिनियम तथा हिंदी भाषा/साहित्य संबंधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता - दिनांक 20 सितंबर, 2024 अपराहन 4 बजे से 5 बजे तक।**
50 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

पुरस्कारः प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(घ) **केविप्रा के अधिकारियों के लिए वाद-विवाद/भाषण प्रतियोगिता - दिनांक 23 सितंबर, 2024 पूर्वाहन 11 बजे से 12 बजे तक।**
वाद-विवाद/भाषण का विषय, प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा प्रतियोगिता के दौरान सूचित किया जाएगा।

पुरस्कारः प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(ङ) **एमटीएस के लिए हिंदी अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता - दिनांक 23 सितंबर, 2024 पूर्वाहन 12 बजे से 1 बजे तक।**
प्रतियोगिता का प्रश्न पत्र प्रतियोगिता के दौरान ही बताया जाएगा।

पुरस्कार: प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(उक्त सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले उन सभी प्रतिभागियों को जिन्हें कोई पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है, प्रोत्साहन स्वरूप प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।)

2. उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि कृपया अपने नाम, पदनाम, प्रभाग/अनुभाग का नाम, मोबाइल नं, प्रतियोगिता जिसमें भाग लेना चाहते हैं, पुरस्कार राशि के अंतरण हेतु अपने बैंक खाते का विवरण तथा अपनी ई-मेल आईडी सहित पूर्ण विवरण दिनांक 18 सितंबर, 2024 तक राजभाषा अनुभाग की ई-मेल **rajbhashacea@gmail.com** पर भिजवाने का कष्ट करें।

3. उक्त सभी प्रतियोगिताओं के प्रश्न पत्र तैयार करने एवं उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य अध्यक्ष, केविप्रा के अनुमोदन से गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय सर्वमान्य होगा तथा निर्णय के संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. हिंदी कार्यशाला के अंतर्गत **दिनांक 23.09.2024 को अपराहन 4.00 बजे 'भारतीय भाषाएँ और हिंदी' विषय पर डॉ. गंगा सहाय मीना, एशोसियट प्रोफेसर, जेएनयू द्वारा** एक व्याख्यान दिया जाएगा। कृपया अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर ज्ञानार्जन करें।

5. केविप्रा मुख्यालय के सभी नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों (आयोजन एवं मूल्यांकन समिति के सदस्यों को छोड़कर) से अनुरोध है कि वे कृपया उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में भाग लें तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों को भी प्रतिभागिता हेतु प्रेरित करें। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा के साथ-साथ नकद पुरस्कार योजना के विजेताओं की घोषणा एवं साथ ही सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वालें 02 प्रभागों/अनुभागों को चल वैजयंती भी प्रदान की जाएगी। दिनांक **30 सितम्बर, 2024 को अपराहन 2.30 बजे से अध्यक्ष महोदय, केविप्रा की अध्यक्षता में** आयोजित किए जाने वाले पखवाड़ा समापन समारोह में काव्य-पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

यह राजभाषा प्रभारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

13/9/24
(ऊषा वर्मा)
उप निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

1. **केविप्रा मुख्यालय के सभी नियमित अधिकारी/कर्मचारीगण**
2. **मूल्यांकन समितियों के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यगण**
3. **निदेशक, सेवाएं प्रभाग, केविप्रा कृपया उपर्युक्त तिथि एवं समय पर द्वितीय तल स्थित सभागार (ऑडिटोरियम) आरक्षित करवाने की कृपा करें।**